दिल्ली में कार्यरत सार्वजनिक टेलीफोन

689. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में इस समय कितने सार्वजनिक टेलीफोन कार्य कर रहे हैं ;

(ख) ऐसे कितने सार्वजनिक टेलीफोन हैं जो निजी दुकानों आदि में लगे हुए हैं ;

(ग) दुकानदारों को सार्वजनिक टेलीफोन किन शर्तों पर उपलब्ध कराये जाते हैं ;

(घ) ऐसे कितने सार्वजनिक टेलीफोन विकलांग-व्यक्तियों को दिये गये हैं ;

(ङ) क्या यह सच है कि निजी दुकानदारों और विकलांग व्यक्ति दोनों को ही प्रति काल पर समान दर पर कमीशन दिया जाता है ; और

(च) क्या सरकार विकलांग व्यक्तियों को देय कमीशन की राशि में वृद्धि करने का विचार रखती है ; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) : (क) दिल्ली से 1-4-1988 की स्थिति के अनुसार कार्यरत सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालयों की कुल संख्या 4902 है ।

(ख) इनमें से 3527 गारंटी शुदा सार्वजनिक टेलीफोनों के रूप में निजी दुकानों में कार्य कर रहे हैं ;

(ग) ये सार्वजनिक टेलीफोन उचित स्थानों में निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान किये जाते हैं :

(i) प्रति यूनिट काल के लिये एक रुपया लिया जाता है जिसमें से 60 पैसे दूरसंचार विभाग को अदा किये जाते हैं और शेष 40 पैसे टेलीफोन किरायेदार अपने पास रखता है । किरायेदार एक्सचेंज मीटर द्वारा दर्ज कालों के हिसाब से भुगतान करता है ।

(ii) टेलीफोन किरायेदार 500/- रुपये प्रतिमास की न्यूनतम गारंटी शुदा राशि का भुगतान करता है ।

(iii) टेलीफोन किरायेदार को 1000/- रुपये की प्रतिभूमि राशि जमा करनी होती है ।

(iv) इस पर कोई किराया अथवा संस्थापन प्रभार नहीं लिया जाता ।

(v) इनसे केवल स्थानीय कालें ही की जा सकती हैं ।

(घ) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को 91 सार्वजनिक टेलीफोन प्रदान किये गये हैं ।

(ङ) जी हां ।

(च) हाल ही में सभी किस्म के निजी गारंटीशुदा सार्वजनिक टेलीफोनों के लिये कमीशन की राशि 20 पैसे से बढ़ाकर 40 पैसे प्रति काल कर दी गई है ?

विशेष स्मारक टिकटों का जारी किया जाना

690. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किये ऐसे प्रत्येक डाक टिकट का विषय तथा मूल्य क्या था ;

(ख) सरकार को कौन-कौन से विषयों पर स्मारक टिकट जारी करने के लिये अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ; और

(ग) सरकार चालू वर्ष में तथा आगामी वर्ष में किन-किन महत्वपूर्ण विषयों पर स्मारक डाक टिकट जारी करने का विचार रखती है ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे): (क) विभाग ने पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1985, 1986 और 1987 के दौरान महान विभूतियों, संस्थाओं, रेलवे, भारत महोत्सव, वन्य जीवन, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं, वृक्षों, खेलों, रक्षा संबंधी विषयों पर 123 विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किये है। ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। (देखिए परिशिष्ट संख्या CXLVI अनुपत्र सं० 29) जनवरी, 1989 में नई दिल्ली में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय फिलैटिलिक प्रदर्शनी के लिये प्रचार के एक भाग के रूप में 'इण्डिया-89' पर भी 1987 के दौरान टिकट जारी की गई।

(ख) व्यक्तियों, संस्थाओं, कला और संस्कृति, राष्ट्रीय अखण्डता, धार्मिक आन्दोलन और शहरों की स्थापना के शताब्दी समारोह जैसे अवसरों से संबंधित विषयों पर डाक टिकट जारी करने के लिये सरकार के पास आवेदन आये हैं जिन पर विचार हो रहा है।

(ग) वर्ष 1988 के दौरान जारी होने वाली टिकटों के अस्थायी कार्यक्रम में प्रतिष्ठित व्यक्तियों के अलावा राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं, संस्थाओं, खेल कूद, वन्य जीवन, वृक्षों और रक्षा संबंधी विषय आदि शामिल हैं। अंतर्राष्ट्रीय फिलैटिक प्रदर्शनी के लिये प्रचार के एक भाग के रूप में इण्डिया 89 प्रदर्शनी पर भी टिकटें जारी करने का प्रस्ताव है। वर्ष 1989 के लिये कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

Production of Nefanic Acid etc.

691. SHRI BEKAL TJTSAHI. Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Mefanic Acid, Diclofec Sodium, Trysin, Bromhexine Hcl, Iriprolidine Hcl, Xylometazole Hcl and Zinc Batracin are produced in the country;

(b) if so the names of the companies licensed/registered along with the capacity sanctioned to each of each drug;

(c) whether any of these drugs are allowed for import under OGL;

(d) if so, the names of those drugs;

(e) the names of drugs which were under price control under DPCO, 1979;

(f) whether any of these drugs have been price decontrolled;

(g) if so, names of those drugs;

(h) what are the names of two major selling brands of each drug along with names of the manufacturer; and

(i) what was the price of each brand under DPCO, 1979 and what is the present price along with the percentage change in each case?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J.VENGAL RAO): (a) and (b) Details to the extent available are given below:

Name of drug	Name of Company	A/C Unit	Capacity per/annum
Mefnamic Acid	Suneeta Labs,	T	12.
Dielofenaq Sodium	1. Hindustan Ciba-Giegy	T	20
	2, Sekhsaria Chemicals	T	20
Promhexine Hcl.	FDC Pvt. Ltd.	Kgs.	500